कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/चित्रकला प्रति./2018–23/215–216 दिनांक : As in E-Sign

समस्त संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान में निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– श्री हितेन्द्र माणेकजी मोता, मैनेजिंग ट्रस्टी, आध्यात्म परिवार, सूरत, गुजरात का पत्र दिनांक : 15.10.2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रभु महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष स्मरणार्थ, राजस्थान सरकार द्वारा इस मंगल आयोजन में एक सुन्दर कार्यक्रम के साथ मनाया जाय–हेतु विनंती प्रस्ताव के साथ प्रासंगिक पत्र के माध्यम से भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन बाबत प्रकरण इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

प्रासंगिक पत्रानुसार विद्यार्थियों के सर्वांग्रीण विकास हेतु संस्था **"अध्यात्म परिवार"** भगवान महावीर के जीवन एवं उपदेशों के द्वारा विद्यार्थियों में अहिंसा आदि मूल्यों के विकास के लिए कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही है। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते हैं :–

- आयोजन दिनांक : 01.12.2024 से 7.12.2024
- निबन्ध का विषय : **महावीर स्वामी का जीवन और उनके उपदेश।**
- महावीर स्वामी द्वारा उपदेशित सिद्वांतों पर भी निबन्ध लिखा जा सकता है, जैसे :– आत्मविकास, अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांतवाद।
- कक्षा– 6 से 8 के विद्यार्थियों हेतु निबन्ध शब्द सीमा : 500 शब्द, कक्षा– 9 से 12 के विद्यार्थियों हेतु निबन्ध शब्द सीमा : 800 शब्द।
- उक्त प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक विद्यालय को **"अध्यात्म का ऐवरेस्ट" "भगवान महावीर"** नाम पुस्तिका की पीडीएफ मेल के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।
- निबन्धों का मूल्यांकन सम्बन्धित संस्था के विशेषज्ञों के माध्यम से किया जायेगा।
- राज्य स्तर पर दो पुरस्कार घोषित किये जायेंगे (पुरस्कार राशि प्रासंगिक पत्रानुसार)।
- जिला स्तर पर एक मुख्य पुरस्कार घोषित किया जायेगा (पुरस्कार राशि प्रासंगिक पत्रानुसार)।
- प्रत्येक जिले में 10–10 आश्वासन पुरस्कार घोषित किये जायेंगे (पुरस्कार राशि प्रासंगिक पत्रानुसार)।

प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की प्रक्रिया:–

- संलग्न प्रतियोगिता नियमावली का ठीक से अवलोकन करें।
- जिस विद्यालय से 25 या अधिक छात्र प्रतियोगिता में भाग लेगे वह विद्यालय प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकेगी।
- इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी विद्यालय के माध्यम से ही भाग ले सकेगें।
- निम्न QR कोड के द्वारा प्राप्त फॉर्म को भरकर 25.11.2024 तक विद्यालय अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं–

- संस्था के कोऑर्डिनेटर का नंबर 7227070403 अपने मोबाइल में सेव करें, ताकि समय–समय पर अद्यतन जानकारी दे सकें।
- प्रतियोगिता के पोस्टर को विद्यार्थियों व अभिभावकों को प्रेषित करें।
- शाला में प्रतियोगिता आयोजन की फोटो खींचकर कोऑर्डिनेटर को व्हाट्सएप से प्रेषित करें।
- प्रतियोगिता सम्पन्न हो जाने के बाद प्राथमिक एवं माध्यमिक के निबंधों को अलग–अलग समूंहो में एकत्रित करें, दोनों समूहों को अलग– अलग बांध कर एक लिफाफे में डालकर निम्न जानकारी उसके ऊपर अंकित करें–

  विद्यालय का नाम...
  विद्यालय का पता–...
  ग्राम–............ तहसील–.................. जिला–...................... पिनकोड–........................
  संस्थाप्रधान का नाम.................................... मोबाइल नम्बर..
  प्राथमिक प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थी–........ माध्यमिक प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थी–..........

- यह लिफाफा स्पीड पोस्ट सर्विस से अथवा कोरियर सर्विस से संस्था के पत्ते पर प्रेषित करें एवं स्पीड पोस्ट की रिसिप्ट संस्था के कोऑर्डिनेटर को व्हाट्सएप से प्रेषित करें ताकि आपको GPAY पर द्वारा ₹100 संस्था की ओर से प्रेषित किए जा सकें।

अतः उल्लिखितानुसार प्रासंगिक पत्र की निरन्तरता में निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार की समस्त विद्यालयों एवं कार्यालयों में भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उक्त निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार–प्रसार करवाते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी हेतु उन्हें प्रोत्साहित किये जाने बाबत निर्देश जारी कर पालना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न : यथोक्त तथा पोस्टर एवं संस्था के पत्रादि

(आशीष मोदी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार जयपुर ।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर (जरिये ई–मेल)
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने बाबत (जरिये ई–मेल)।
6. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा (जरिये ई–मेल)।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई–मेल)।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
9. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
10. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
11. समस्त संस्था–प्रधान।
12. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :25-10-2024 05:14:24